रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 565] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 13, 2016/श्रावण 22, 1938
No. 565] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 13, 2016/SRAVANA 22, 1938

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 अगस्त, 2016

सा.का.नि. 794(अ) .— कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए प्रारुप नियम, जिसे केंद्रीय सरकार कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाने का प्रस्ताव करती है, उस तारीख से तीस दिन की समाप्ति से पूर्व, जब उक्त अधिसूचना में अंतर्विष्ट राजपत्र की प्रतियां आम जनता को उपलब्ध करवाई गईं थी, को उनके द्वारा संभाव्य प्रभावित सभी व्यक्तियों से आक्षेप या सुझाव आमंत्रित करने के लिए भारत के राजपत्र भाग II, खंड 3, उप-खंड (i) में सा.का.नि. सं. 405(अ), तारीख 6 अप्रैल, 2016 को प्रकाशित किए गए थे;

उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां आम जनता को 6 अप्रैल, 2016 को उपलब्ध कराईं गईं थीं;

उक्त अधिसूचना के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव प्राप्त नहीं हुए ;

केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं जिनके कारण केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड से परामर्श किए बिना नियमों को बनाना आवश्यक हो गया है;

अधिनियम की धारा 36 के परंतुक के संबंध में केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड से नियमों के बनाने से छह मास के भीतर परामर्श किया जाएगा और केंद्रीय सरकार किसी सुझाव, जो बोर्ड उक्त नियमों के संशोधन के संबंध में दें, पर विचार करेगी;

अत: केंद्रीय सरकार, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कीटनाशी (दूसरा संशोधन) नियम, 2016 है ।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. कीटनाशी नियम, 1971 में,-

(i) नियम 9 में उपनियम (3) में, खंड (vi) और (vii) का लोप किया जाएगा;

(ii) पहली अनुसूची में, प्ररुप VI में 'शर्तें' शीर्षक के अंतर्गत संख्यांक 6 और 7 का लोप किया जाएगा ।

[फा. सं. 13035/35/2013-पीपी.I]

अश्वनी कुमार, संयुक्त सचिव

टिप्पण: मूल नियम भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप-खंड (i) में सा.का.नि. संख्यांक 1650(अ), तारीख 19 अक्तूबर, 1971 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, तत्पश्चात् निम्नलिखित द्वारा संशोधित किए गए:-

1. सा.का.नि. 474(अ), तारीख 24 जुलाई, 1976
2. सा.का.नि. 736(अ), तारीख 09 दिसम्बर, 1977
3. सा.का.नि. 1064(अ), तारीख 07 नवम्बर, 1988
4. सा.का.नि. 533(अ), तारीख 06 अगस्त, 1993
5. सा.का.नि. 371(अ), तारीख 20 मई, 1999
6. सा.का.नि. 372(अ), तारीख 20 मई, 1999
7. सा.का.नि. 548(अ), तारीख 12 सितम्बर, 2007
8. सा.का.नि. 692(अ), तारीख 07 नवम्बर, 2006
9. सा.का.नि. 128(अ), तारीख 26 फरवरी, 2009
10. सा.का.नि. 174(अ), तारीख 05 मार्च, 2010
11. सा.का.नि. 474(अ), तारीख 11 जुलाई, 2013 और
12. सा.का.नि. 797(अ), तारीख 13 नवम्बर, 2014
13. सा.का.नि. 840 (अ), तारीख 5 नवम्बर, 2015
14. सा.का.नि. 164 (अ), तारीख 15 फरवरी, 2016

IndiaCode

MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

(Department of Agriculture, Co-operation and Farmers Welfare)

NOTIFICATION

New Delhi, the 12th August , 2016.

G.S.R. 794(E).— Whereas, the draft rules further to amend the Insecticides Rules, 1971, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968) was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (i) *vide* number G.S.R. 405(E), dated 6th April, 2016, inviting objections or suggestions from all persons likely to be affected thereby, before the expiry of thirty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas, copies of the said Gazette notification were made available to the public on the 6th April 2016;

And whereas, no objection or suggestion received in respect of the said notification;

Whereas, the Central Government is of the opinion that circumstances have arisen, which render it necessary to make the rules without consulting with the Central Insecticides Board;

In terms of proviso to section 36 of the Act, the Central Insecticide Board shall be consulted within six months of the making of the rules and the Central Government shall take into consideration any suggestions which the Board may make in relation to the amendment of the said rules;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Insecticides Rules, 1971, namely:-

1. **(1) Short Title and Commencement**.- (1) These rules may be called the Insecticides (Second Amendment) Rules, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Insecticides Rules, 1971, -

(i) in rule 9, in sub-rule (3), clauses (vi) and (vii) shall be omitted;

(ii) in the *FIRST SCHEDULE*, in FORM VI, under the heading 'conditions', numbers 6 and 7 shall be omitted.

[F. No. 13035/35/2013-PP-I]

ASHWANI KUMAR, Jt. Secy.

Note.- The Principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i) *vide* No. G. S. R. 1650(E), dated 19th October, 1971 and subsequently amended *vide*:-

1. G.S.R. 474(E), dated 24th July, 1976,
2. G.S.R. 736(E), dated 9th December, 1977,
3. G.S.R. 1064(E), dated 7th November, 1988,
4. G.S.R. 533(E), dated 6th August, 1993,
5. G.S.R. 371(E), dated 20th May, 1999,
6. G.S.R. 372(E), dated 20th May, 1999,
7. G.S.R. 548(E), dated 12th September, 2007,
8. G.S.R. 692(E), dated 7th November, 2006,
9. G.S.R. 128(E), dated 26th February, 2009,
10. G.S.R. 174(E), dated 5th March, 2010,
11. G.S.R. 474(E), dated 11th July, 2013,
12. G.S.R. 797(E), dated 13th November, 2014,
13. G.S.R. 840(E), dated 5th November, 2015 and
14. G.S.R. 164(E), dated 15th February, 2016

IndiaCode

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

GORAKH NATH YADAV
Digitally signed by GORAKH NATH YADAV
Date: 2016.08.17 21:39:49 +05'30'